एक कीड़ा जो दूसरे को चूस लेता है



एक दुर्गंधयुक्त कीड़ा (स्टिंक बग) होता है जो एक अन्य कृमि हॉर्नवर्म को ठीक उसी तरह चूस डालता जैसे आप स्ट्रॉ की मदद से फलों का रस पीते हैं।

इस स्टिंक बग के मुखांगों में से एक मैंडिबल की रचना स्ट्रॉ के समान होती है और वह इसके अंदर हवा का दबाव कम करके निर्वात पैदा कर सकता है, जैसे कि आप स्ट्रॉ से पीते वक्त करते हैं। मगर इस स्टिंक बग का मैंडिबल दो नलियों का बना होता है। वह इस मैंडिबल को हॉर्नकृमि के शरीर में घुसा देता है। एक नली में से पाचक रस हॉर्नवर्म के अंदर डाले जाते हैं, जो उसे अंदर ही अंदर पचा डालते हैं। जब हॉर्नवर्म के अंदरुनी अंग पचकर तरल बन जाते हैं, तो दूसरी नली से उन्हें चूस लिया जाता है।

इस पूरी घटना की फिल्म ओरेगॉन स्टेट विश्वविद्यालय में शोध सहायक क्रिस्टोफर हेडस्ट्रॉम ने तैयार की है। स्टिंक बग अपना भोजन पूरा कर लेता है, और हॉर्नवर्म पिचक जाता है।

वास्तव में हेडस्ट्रॉम और उनके साथी विभिन्न स्टिंक बग्स का अध्ययन कर रहे हैं। इनमें से कई फसलों के कीट हैं और फसलों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। हेडस्ट्रॉम व साथी इन पर नियंत्रण का कोई जैविक तरीका खोजना चाहते हैं। ***(स्रोत फीचर्स)***